वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ०प्र०)

Email:connectpuregistrar@gmail.com
Fax.: (05452) 252344,252244
Web: www.vbspu.ac.in

पत्रांक : 668/प्रवेश सेल/2021 दिनांक : 19.01. 2022

प्रेस विज्ञप्ति

शैक्षिक सत्र 2021–23 हेतु एम.एड. पाठ्यक्रम में रिक्त सीटों पर सीधे प्रवेश हेतु सूचना

एतदद्वारा सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि एम.एड. पाठ्यक्रम सत्र 2021–23 में प्रवेश हेतु काउन्सिलिंग के उपरान्त महाविद्यालय में रिक्त रह गयी सीटों पर मा. कुलपति जी के आदेश के अनुपालन में सीधे प्रवेश लिये जाने का निर्णय लिया गया है।

जिन सम्बद्ध महाविद्यालयों में अब तक सीटें रिक्त रह गयी है, उन महाविद्यालयों द्वारा दिनांक 27 जनवरी 2022 तक रिक्त सीटों पर उन अभ्यर्थियों का ही प्रवेश लिया जा सकेगा, जो अभ्यर्थी (रैंक 001 से 840 तक) काउंसिलिंग के लिये अर्ह पाये गये है। **सीधे प्रवेश हेतु आवश्यक नियम–निर्देश, अर्ह अभ्यर्थियों की सूची एवं रिक्त सीटों के महाविद्यालयों की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध है।**

एम.एड. संचालित सम्बद्ध महाविद्यालय द्वारा जिन अर्ह अभ्यर्थियों का प्रवेश लिया जायेगा, उन अभ्यर्थियों के अर्हता सम्बन्धी अंक–पत्र/प्रमाण–पत्र व आवश्यक संलग्नकों एवं विश्वविद्यालय काउन्टर पर जमा की गयी शुल्क रू 500=00 की रसीद सहित दिनांक 29 जनवरी तक प्रवेश सेल में जमा कराना होगा। अतः एम.एड. संचालित महाविद्यालयों को सूचित किया जाता है कि एम.एड. पाठ्यक्रम सत्र 2021–2023 में सीधे प्रवेश हेतु जारी की गयी प्रवेश प्रक्रिया के अनुसार निर्धारित तिथियों में ही अर्ह अभ्यर्थियों के प्रवेश सम्पन्न करायें।

19/01/22
सहायक कुलसचिव
प्रवेश सेल

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषति–

1. संयोजक/सदस्य–एम.एड.प्रवेश समिति 2021–23।
2. वित्त अधिकारी।
3. कुलसचिव।
4. परीक्षा नियन्त्रक।
5. विशेष कार्याधिकारी–कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
6. प्रभारी–विश्वविद्यालय वेबसाईट को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना, नियम–निर्देश, प्रपत्र "क" एवं सीधे प्रवेश हेतु रिक्त सीटों के महाविद्यालयों की सूची को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर उचित स्थान पर प्रदर्शित कराने का कष्ट करे।
7. मीडिया प्रभारी, विश्वविद्यालय परिसर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त प्रेस विज्ञाप्ति को समस्त पूर्वान्चल संस्करण के समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन कराने का कष्ट करें।

सहायक कुलसचिव
प्रवेश सेल